# वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) सिटी इंडेक्स 2025

### *प्रासंगिकता:*

- **प्रारंभिक परीक्षा (Prelims):** महत्वपूर्ण रिपोर्ट्स और सूचकांक, AI-आधारित पहलें, और भारतीय शहरों से जुड़ी वैश्विक रैंकिंग
- **मुख्य परीक्षा – GS पेपर 3:** स्मार्ट शहरी शासन और नवाचार में AI की भूमिका, AI बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक–निजी भागीदारी का महत्व, और भारत में AI शासन से जुड़ी नीति व नियामक खामियां



### *चर्चा में क्यों ?*

हाल ही में **काउंटर पॉइंट रिसर्च** (एक बाज़ार अनुसंधान फर्म) द्वारा **वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता सिटी इंडेक्स** प्रकाशित किया गया, जिसमें भारत के **बेंगलुरु ने वैश्विक स्तर पर 26वाँ स्थान** प्राप्त किया है, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अनुसंधान, विकास और डेटा सेंटर अवसंरचना के लिए भारत का अग्रणी केंद्र बन गया है।

### *सूचकांक के बारे में*

यह एक वैश्विक स्तर की तुलना रिपोर्ट है जो विभिन्न शहरों की **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** क्षमताओं का आकलन करती है — विशेष रूप से **नवाचार, निवेश, बुनियादी ढांचे**, और **वास्तविक जीवन में AI के प्रयोग** के आधार पर।

- **प्रकाशक:**
  **काउंटर पॉइंट रिसर्च**, एक वैश्विक बाज़ार अनुसंधान संस्था
- **उद्देश्य:**
  ऐसे शहरों की पहचान और रैंकिंग करना जो **AI अनुसंधान, डिजिटल बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक नीतियों** और **नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र** के माध्यम से AI को आगे बढ़ा रहे हैं।

### *मूल्यांकन के मानदंड:*

1. निवेश का प्रवाह और सार्वजनिक–निजी भागीदारी
2. AI पर केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रम
3. AI अनुसंधान एवं विकास (R&D) पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती
4. परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में AI का उपयोग
5. डेटा सेंटर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार
6. स्टार्टअप्स और नवाचार केंद्रों की संख्या

### *प्रमुख विशेषताएं:*

- **तेजी से उभरते AI शहरों** को पहचान देता है, जैसे:
  **बेंगलुरु (भारत), रियाद (सऊदी अरब), हांगझोउ (चीन)**
- शहरी शासन में **AI-आधारित नवाचारों** पर ज़ोर देता है, जैसे:
  - स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन
  - भविष्यवाणी आधारित पुलिसिंग और सुरक्षा



- स्वास्थ्य जांच में AI का प्रयोग
- शिक्षा में AI-सहायता प्राप्त उपकरणों का उपयोग

### *भारत का प्रदर्शन*

- **बेंगलुरु:**
  - वैश्विक स्तर पर **26वाँ स्थान**, जो भारतीय शहरों में **सबसे ऊपर** है
  - **मजबूत स्टार्टअप ईकोसिस्टम, कुशल कार्यबल**, और **डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर** के लिए पहचाना गया

IAS-PCS Institute

- **मुंबई और दिल्ली:**
  - **ट्रैफिक नियंत्रण** और **सार्वजनिक सुरक्षा** में AI का उपयोग
  - **विस्तार की अच्छी संभावनाएं** मौजूद हैं

- **अन्य भारतीय शहर:**
  - **चेन्नई और कोलकाता** भी भारत के AI इकोसिस्टम में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं

### *प्रमुख चुनौतियाँ:*

- **राष्ट्रीय स्तर पर एक समग्र AI रोडमैप** की आवश्यकता है।
- भारत में AI को सही दिशा देने के लिए **स्पष्ट और सशक्त रेगुलेटरी फ्रेमवर्क** की तत्काल जरूरत है।

Result Mitra
@resultmitra www.resultmitra.com 9235313184, 9235440806

### *निष्कर्ष:*

**बेंगलुरु** का वैश्विक 26वाँ स्थान भारत की **AI क्षेत्र में बढ़ती उपस्थिति** को दर्शाता है, और **नवाचार व इंफ्रास्ट्रक्चर** में देश की मजबूत क्षमता को रेखांकित करता है।
हालांकि, इस प्रगति को बनाए रखने के लिए भारत को एक **व्यापक AI नीति, नियमों में स्पष्टता**, और **मजबूत सार्वजनिक–निजी भागीदारी** पर ध्यान देना होगा।

### प्रारंभिक परीक्षा (Prelims) अभ्यास प्रश्न

**प्र.**ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी इंडेक्स 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह सूचकांक विश्व आर्थिक मंच द्वारा देशों की AI अपनाने की तैयारी का आकलन करने के लिए प्रकाशित किया जाता है।
2. बेंगलुरु एकमात्र भारतीय शहर है जो शीर्ष 30 वैश्विक रैंकिंग में शामिल है।
3. यह सूचकांक AI अनुसंधान एवं विकास, स्टार्टअप की स्थिति, डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक–निजी भागीदारी जैसे मापदंडों पर शहरों का मूल्यांकन करता है।

सही उत्तर का चयन कीजिए:

**A)**केवल 1 और 2
**B)**केवल 2 और 3
**C)**केवल 3
**D)** 1, 2 और 3

**मुख्य परीक्षा (Mains) अभ्यास प्रश्न**

प्र.भारत के संदर्भ में **ग्लोबल AI सिटी इंडेक्स 2025** के निष्कर्षों का महत्व बताइए। साथ ही, एक **मजबूत AI नीति और नियामक ढांचे** को विकसित करने में आ रही चुनौतियों से निपटने के उपाय सुझाइए।

**15 अंक (250 शब्द)**



Result Mitra
रिजल्ट का साथी

